युवराज
NEWS TODAY Update
# न्यूज़ टुडे
आपकी आवाज
RNI:- BIHHIN05409
राष्ट्रीय हिन्दी पाक्षिक
www.newstodayupdate.in

वर्ष : 06 अंक : 13+3 तिथि : 03 जुलाई 2020 मूल्य : नि:शुल्क प्रधान संपादक : डा. राजेश अस्थाना – 9471005272, 8210595830

email: newstodaymth@gmail.com website : newstodayupdate.in

रजि० कार्यालय : अष्टभुजा निवास, मठिया जिरात, मोतिहारी-845401
समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें- 9471005272

## न्यूज़ टुडे लॉक डाऊन स्पेशल रोजाना अंक

## कानपुर में दिल दहला देने वाली घटना, एनकाउंटर में सीओ समेत 8 पुलिसकर्मी शहीद, बदमाशों ने पहले ही जेसीबी रख दी थी रास्ते पर, एनकाउंटर में दो बदमाश ढेर

बिग ब्रेकिंग

अपराध



डा. राजेश अस्थाना,
एडिटर इन चीफ,




उत्तर प्रदेश के कानपुर से दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है. यहां चौबेपुर थाना क्षेत्र के विकरू गांव में दबिश देने पहुंची पुलिस टीम पर बदमाशों ने ताबड़तोड़ गोलियां बरसाईं. इसमें बिल्हौर के सीओ समेत 8 पुलिसकर्मी शहीद हो गए हैं. एसओ बिठूर समेत 6 पुलिसकर्मी गम्भीर रूप से घायल हैं. सभी घायल पुलिसकर्मियों को गंभीर हालत में रीजेंसी अस्पताल में भर्ती कराया गया है. अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए यूपी पुलिस ताबड़तोड़ दबिश दे रही है.

दहला देने वाली इस घटना पर उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक एचसी अवस्थी ने कहा कि हमलावर बदमाशों की तलाश में एसटीएफ को लगाया गया है. एसटीएफ के आईजी भी मौके पर पहुंच रहे हैं. अपराधियों के खिलाफ बड़ा अभियान चलाया जा रहा है. उन्होंने बताया कि हस्ट्रीशीटर विकास दुबे के खिलाफ आईपीसी की धारा 307 (हत्या का प्रयास) के तहत मामला दर्ज था. पुलिस इसी सिलसिले में उसे पकड़ने गई थी. बदमाशों ने मार्ग पर जीसीबी रख दी थी, जिससे मार्ग बाधित हो गया था. पुलिस टीम के वहां रुकते ही ऊंचाई से उनपर फायरिंग शुरू कर दी गई, जिसमें 8 पुलिसवाले मारे गए. डीजीपी ने 7 जवानों के घायल होने की बात भी कही है.

इस मुठभेड़ के बाद यूपी का पुलिस महकमा सकते में है. एनकाउंटर में बड़ी संख्या में पुलिसवालों के मारे जाने के बाद सीएम योगी ने बदमाशों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं. इसके बाद उनकी गिरफ्तारी को लेकर ताबड़तोड़ दबिश दी जा रही है. वहीं, डीजीपी एचसी अवस्थी खुद घटनास्थल पर जाएंगे. एडीजी (लॉ एंड ऑर्डर) प्रशांत कुमार मौके के लिए रवाना हो चुके हैं.

पता चला है कि विकास दुबे नाम का बदमाश और उसके साथियों ने छतों से पुलिस टीम पर गोलियां बरसाईं. इस हमले के बाद बदमाशों ने पुलिस के असलहे भी लूट लिए. जानकारी के मुताबिक, विकास दुबे ने थाने में घुसकर राज्यमंत्री की हत्या की थी. एडीजी कानपुर जोन, आईजी रेंज एसएसपी कानपुर समेत भारी पुलिस फोर्स मौके पहुंच गए हैं.

### विकास दुबे की पकड़ने में जुटी एसटीएफ

इस घटना पर डीजीपी एचसी अवस्थी ने कहा कि हत्या के प्रयास मामले में दबिश देने गई टीम पर घात लगाकर फायरिंग की गई. एक सीओ, 1 एसओ, 1 चौकी इंचार्ज, 5 सिपाही शहीद हुए हैं. इसके अलावा 4 सिपाही घायल हैं, जिनमें एक गंभीर है. घायलों के उचित इलाज के निर्देश दिए गए हैं. आरोपी 7–8 के करीब हो सकते हैं. आरोपी विकास दुबे की गिरफ्तारी के लिए पड़ोसी जिलों की पुलिस को भी लगाया गया है. आरोपी की गिरफ्तारी में एसटीएफ को भी लगाया गया है. लखनऊ से एक फॉरेंसिक की टीम भी कानपुर जा रही है. कानपुर देहात में एनकाउंटर के बाद जिले की सभी सीमाएं सील कर दी गई हैं. पूरे गांव में पुलिस का सर्च ऑपरेशन जारी है.

### शहीद पुलिसकर्मी

1–देवेंद्र कुमार मिश्र, सीओ बिल्हौर
2–महेश यादव, एसओ शिवराजपुर
3–अनूप कुमार, चौकी इंचार्ज मंधना
4–नेबूलाल, सब इंस्पेक्टर शिवराजपुर
5–सुल्तान सिंह, कांस्टेबल थाना चौबेपुर
6–राहुल, कांस्टेबल बिठूर
7–जितेंद्र, कांस्टेबल बिठूर
8–बबलू, कांस्टेबल बिठूर

NEWS TODAY Update newstodayupdate.in | न्यूज़ टुडे आपकी आवाज | Yuvaraj Media & Entertainment
Web News Portal: www.newstodayupdate.in | राष्ट्रीय हिन्दी मासिक पत्रिका | An Ideal Film Production
बस एक क्लिक कीजिए
देश दुनिया की खबर के साथ अपनी खबर भी देखिए
www.newstodayupdate.in
A Fast Growing Web News Portal
Contact For Advt. (Still & Video), News: +91 9471005272, 8210595830

### कानपुर पुलिस ने मुठभेड़ में दो बदमाशों को मार गिराया, विकास दुबे की तलाश जारी

कानपुर में एक हिस्ट्रीशीटर विकास दुबे को पकड़ने गई पुलिस टीम पर बदमाशों ने घेरकर गोलियां बरसा दी. इसमें डिप्टी एसपी समेत आठ पुलिस कर्मी शहीद हो गए हैं. घटना के बाद जांच टीमों ने सघन जांच शुरू कर दी है. घटनास्थल से ।झ–47 के खोखे मिले हैं. करीब दो दर्जन लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है.इसके साथ ही शहर से बाहर जाने वाले सभी टोल–नाकों की सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है. पूरे इलाके के लोगों के कॉल डिटेल खंगाले जा रहे हैं. आस–पास के जिलों की पुलिस को अलर्ट किया गया है. बदमाशों की तलाश शुरू हो गई है. जिलों की एसटीएफ यूनिट को भी बदमाशों की तलाश में लगाया गया है.

### एनकाउंटर में दो बदमाश ढेर

पुलिस टीम पर फायरिंग करने वाले बदमाशों की तलाश शुरू हो गई है. जगह–जगह छापेमारी की जा रही है. खबर है कि पुलिस ने विकास दुबे के दो गुर्गों को एनकाउंटर में मार गिराया है. हालांकि, पुलिस की ओर से अभी कोई जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है. फिलहाल विकास दुबे की तलाश की जा रही है.




## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अचानक लेह पहुंचे, तो चीन को लगी मिर्ची, कहा- हालात न बिगाड़े कोई पक्ष, वहीं लेह में गरजे पीएम मोदी- वीरता ही शांति की पूर्व शर्त होती है



ई. युवराज,
मुख्य कार्यकारी अधिकारी,

बिग ब्रेकिंग




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अचानक लेह पहुंचने से हर कोई हैरान है. चीन को भी इस दौरे से कड़ा संदेश पहुंचा है और इस बीच अब चीनी विदेश मंत्रालय ने इस दौरे पर बयान दिया है. चीन का कहना है कि कोई भी पक्ष कुछ भी ऐसा ना करे, जिसे माहौल खराब हो.

रोजाना होने वाली ब्रीफिंग में चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजियान ने कहा कि भारत और चीन लगातार सैन्य और डिप्लोमेटिक बातचीत के जरिए बॉर्डर पर जारी तनाव को कम करने में लगे हुए हैं. ऐसे में किसी भी पार्टी को कुछ भी ऐसा नहीं करना चाहिए, जिससे बॉर्डर पर तनाव पैदा हो.

चीन का यह बयान तब आया है जब पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ सीमा पर जारी तनाव के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करने के लिए शुक्रवार सुबह लेह–लद्दाख और आगे के स्थानों का दौरा किया. प्रधानमंत्री मोदी ने यह दौरा हिंसक संघर्ष के बमुश्किल 18 दिन बाद किया है. पीएम मोदी अलसुबह लद्दाख पहुंचे. समुद्र तल से 11 हजार फीट की ऊंचाई पर स्थित एक दुर्गम इलाके नीमू में उन्हें सेना, वायु सेना और भारत–तिब्बत सीमा पुलिस द्वारा इस मामले को लेकर सारी जानकारियां दी गई. यह इलाका सिंधु के तट पर जांस्कर रेंज से घिरा हुआ है.

### लेह में गरजे पीएम मोदी- वीरता ही शांति की पूर्व शर्त होती है

चीन से बॉर्डर पर जारी तनाव के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार सुबह लेह पहुंचे. पीएम मोदी का ये दौरा अचानक था, जिससे हर कोई चौंक गया. पीएम मोदी के साथ इस दौरान चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) बिपिन रावत भी मौजूद रहे.

यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सेना, वायुसेना के अधिकारियों ने जमीनी हकीकत की जानकारी दी. मई महीने से ही चीन के साथ बॉर्डर पर तनाव की स्थिति बनी हुई है.प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को नीमू की फॉरवर्ड पोस्ट पर पहुंचे. यहां पर सीनियर अधिकारियों ने उन्हें मौके की जानकारी दी.

पीएम मोदी ने सेना, वायुसेना के अफसरों से सीधे संवाद भी किया. पहले इस दौरे पर सिर्फ सीडीएस बिपिन रावत को ही आना था, लेकिन पीएम मोदी ने खुद पहुंचकर सभी को चौंका दिया.लेह के वॉर मेमोरियल हॉल ऑफ फेम पहुंच कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जवानों को श्रद्धांजलि दी. इसके बाद उन्होंने सेना के अस्पताल में घायल जवानों से मुलाकात की. इसके बाद पीएम नरेंद्र मोदी ने जवानों को संबोधित किया. पीएम नरेंद्र मोदी ने भारतीय सैनिकों के पराक्रम की सराहना की.

## बिहार के मौजूदा मुख्य सचिव दीपक कुमार बिहार विधान सभा का करवाएंगे अगला चुनाव, केंद्र सरकार ने दिया 6 महीने का सेवा विस्तार



आशीष राज,
स्थानीय संपादक,

सेवा विस्तार




बिहार के मौजूदा मुख्य सचिव दीपक कुमार बिहार विधान सभा का अगला चुनाव करवाएंगे. बिहार सरकार के अनुशंसा पर केंद्र सरकार ने 1984 बैच के आइएएस अधिकारी दीपक कुमार को 6 महीने का सेवा विस्तार दे दिया है. बता दें कि मुख्य सचिव दीपक कुमार आने वाले 31 अगस्त को सेवानिवृत्त होने वाले थे, लेकिन अब वे अगले 6 महीने तक यानी फरवरी 2021 तक बिहार के मुख्य सचिव के पद पर बने रहेंगे.

### दीपक कुमार करवाएंगे बिहार विधानसभा चुनाव

गौरतलब है किबिहार में अगले कुछ महीनों में होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव को देखते हुए उन्हें सेवा विस्तार दिए जाने की संभावना जताई जा रही थी. इसके पहले बिहार सरकार के प्रस्ताव पानी भारत सरकार द्वारा उन्हें 29 फरवरी तक सेवा विस्तार 1 अगस्त तक सेवा विस्तार दिया गया था. अब फरवरी तक विस्तार कंटिन्यू कर दिया गया है.

### सीएम नीतीश के करीबी माने जाते हैं दीपक कुमार

बिहार के मौजूदा मुख्य सचिव दीपक कुमार एक तेजतर्रार और काबिल अफसर के रूप में जाने जाते हैं. प्रदेश में कई विभागों के अलाहाबाद दीपक कुमार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के भी प्रधान सचिव के पद पर काम किया है. उन्हें 2018 में बिहार के मुख्य सचिव का दायित्व सौंपा गया था मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के दीपक कुमार काफी करीबी माने जाते हैं.

## बिहार में 400 सीओ के तबादले पर लगी रोक, सीएम नीतीश ने दिया आदेश



रिंकू गिरी,
संवाददाता

बिग ब्रेकिंग




बिहार में बड़े पैमाने पर हुए अंचलाधिकारियों के तबादले पर सरकार ने रोक लगा दी है. मुख्यमंत्री के आदेश पर मुख्य सचिव ने ट्रांसफर नोटिफिकेशन को रद्द करने का आदेश जारी कर दिया है.

तबादले में नियम का अनुपालन नहीं करने और भारी अनियमितता बरते जाने की बात सामने आने के बाद कार्रवाई की गयी है. राजस्व–भूमि सुधार विभाग की ओर से 27 और 30 जून को तबादले का नो. टिफिकेशन जारी किया गया था.

जिसके तहत बिहार में 400 अचंलाधिकारियों का ट्रांसफर किया गया था. तय मापदंड के आधार पर ट्रांसफर–पोस्टिंग नहीं होने की शिकायत मिलने पर सरकार ने तबादले को तत्काल रद्द करने का आदेश जारी कर दिया.

Yuvaraj Media & Entertainment
बिहार विधानसभा चुनाव में डिजीटल प्रचार के लिए संपर्क करें:
Contact For Advt. (Still & Video), News: +91 9471005272, 8210595830

# 48 घंटे के अंदर दूसरी बार कैबिनेट की बैठक, विधान परिषद के 12 सीटों पर लगेगी मुहर

सियासी गहमा-गहमी



रिंकू गिरी,
संवाददाता




मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 48 घंटे के अंदर दूसरी बार शुक्रवार को शाम 6 बजे कैबिनेट की बैठक करेंगे. 2 जुलाई को मुख्यमंत्री ने कैबिनेट की बैठक की थी और 8 एजेंडे पर मुहर लगी थी. लेकिन विधान परिषद के 12 सीट पर सहमति नहीं बन सकी थी.सूत्रों के मुताबिक राज्यपाल कोटे से भरी जाने वाली 12 सीटों पर बीजेपी नेताओं के साथ बैठक के बाद अब सहमति बन चुकी है. शुक्रवार को कैबिनेट की बैठक विशेष रुप से उसी के लिए बुलाई गई है.

**12 सीटों पर हो चुका है फैसला**

बीजेपी के वरिष्ठ नेता और बिहार प्रभारी भूपेंद्र यादव, उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी और प्रदेश अध्यक्ष संजय जायसवाल 1 जुलाई को मुख्यमंत्री से मुलाकात की थी. 1 घंटे से भी अधिक समय तक मुख्यमंत्री आवास में नीतीश कुमार और जदयू के वरिष्ठ नेताओं के साथ बीजेपी के नेताओं की बातचीत हुई. जिसमें विधान परिषद के सीटों के साथ विधानसभा चुनाव पर भी चर्चा हुई थी.

**कुछ नए चेहरों को मिल सकता है मौका**

विधान परिषद में जदयू से अशोक चौधरी का जाना तय है. इसके साथ संजय गांधी का भी नाम तय माना जा रहा है. कुछ और पुराने सदस्यों को फिर से मौका नीतीश कुमार दे सकते हैं. बिहार विधानसभा चुनाव है इसलिए सीएम सामाजिक और जातीय समीकरण का भी ख्याल रखेंगे. ऐसे मुख्यमंत्री हमेशा अपने फैसलों से चौकाते रहे हैं और इस बार भी कुछ नए चेहरों को मौका दे सकते हैं.

# आउटसोर्स डाटा ऑपरेटर संघर्ष समिति के बैनर तले अपनी मांगों के समर्थन में जिले के डाटा एंट्री ऑपरेटरों का सिविल सर्जन एवं जिला स्वास्थ्य समिति कार्यालय के मुख्य द्वार पर प्रदर्शन

प्रदर्शन



संतोष राऊत
न्यूज टुडे,




आउटसोर्स डाटा ऑपरेटर संघर्ष समिति के बैनर तले गुरुवार को अपनी मांगों के समर्थन में जिले के डाटा एंट्री ऑपरेटरों ने सिविल सर्जन एवं जिला स्वास्थ्य समिति कार्यालय के मुख्य द्वार पर प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों से मिलने चिरैया विधायक लालबाबू प्रसाद गुप्ता भी वहां पहुंचे।

विधायक ने कहा कि आप लोगों की समस्याओं को वे स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय तक पहुंचाएंगे। इस बीच भारतीय मजदूर संघ के जिला महामंत्री नथुनी पांडेय ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि हक दिलाने के लिए उनका संगठन आंदोलनकारियों के साथ है।

बिचौलियों को सावधान करते हुए कहा कि हमेशा सच की जीत होती है। संघर्ष करते रहिए संघर्ष करने वालों को कभी हार नहीं होती। वहीं, संघ के नेता बच्चा यादव ने कहा कि जब तक भ्रष्टाचार बंद नहीं होगा तब तक स्वास्थ्य विभाग की नीव मजबूत नहीं होगी।

इस क्रम में प्रदर्शनकारियों का एक शिष्टमंडल सिविल सर्जन से भी मिला। सीएस ने आश्वासन दिया कि हमने वीडियो कॉन्फ्रेंसिग में ईडी के समक्ष इस मुद्दे को उठाया है। आप लोग घबराए नहीं, हम आपके साथ हैं। संघर्ष समिति के अध्यक्ष विनय कुमार ने कहा कि सरकार भी अब ठेकेदार जैसी हो गई है, हर काम ठेका से करवाती है और उसका कमीशन उपर तक जाता है। मौके पर राजेश कुमार यादव, धनंजय कुमार, परितोष कुमार, मंजीत कुमार, उज्जवल कुमार, विनय कुमार, कमलेश कुमार, विकास कुमार, कमलेश, शैलेश कुमार, हेमंत पाठक आदि मौजूद थे।

# चम्पारण समाज कल्याण मंच के तत्वावधान में राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस हर्ष के साथ मनाया गया

कार्यक्रम



सम्राट, संवाददाता




शहर के अगरवा माई स्थान स्थित गौतम बुद्ध दर्द उपचार क्लिनिक में चम्पारण समाज कल्याण मंच के तत्वावधान में राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस चर्चित युवा चिकित्सक डॉ गोपाल कुमार सिंह की अध्यक्षता में मनाया गया। इस मौके उपस्थित सभी चिकित्सकों के द्वारा सेवा भाव से मरीजो का उपचार करनें का संकल्प लिया गया।

राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को डॉ गोपाल कुमार सिंह, डॉ प्रशांत कात्यायन, डॉ सुनील कुमार, डॉ नवीन श्रीवास्तव, डॉ अमरेन्द्र कुशवाहा ने संबोधित करते हुए अपने महत्वपूर्ण विचार वयक्त किये। इस मौके पर डॉ मुन्ना कुमार गुप्ता, नितेश कुमार सिंह, गोविन्द सिंह, हेमंत कुमार सहित अन्य लोग शामिल थे।

# पुलिस टीम पर हमला कर 8 पुलिसकर्मियों को शहीद करने वाले हिस्ट्रीशीटर विकास दुबे का रहा है जघन्य आपराधिक इतिहास



ई. युवराज,
मुख्य कार्यकारी अधिकारी,

अपराध




उत्तर प्रदेश के कानपुर में दबिश देने गई पुलिस टीम पर हमला कर 8 पुलिसकर्मियों को शहीद करने वाले हिस्ट्रीशीटर विकास दुबे का जघन्य आपराधिक इतिहास रहा है. बचपन से ही वह अपराध की दुनिया में अपना नाम बनाना चाहता था. पहले उसने गैंग बनाया और लूट, डकैती, हत्याएं करने लगा. 19 साल पहले उसने थाने में घुसकर एक दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री की हत्या की और इसके बाद उसने राजनीति में एंट्री लेने की कोशिश की थी. लेकिन, तब तक बहुत देर हो चुकी थी. विकास कई बार गिरफ्तार हुआ, एक बार तो लखनऊ में एसटीएफ ने उसे दबोचा था.

कानपुर देहात के चौबेपुर थाना क्षेत्र के विकरू गांव का निवासी विकास के बारे में बताया जाता है कि उसने कई युवाओं की फौज तैयार कर रखी है. इसी के साथ वह कानपुर नगर से लेकर कानपुर देहात तक लूट, डकैती, मर्डर जैसे जघन्य अपराधों को अंजाम देता रहा है. जानकारी के अनुसार, कानपुर में एक रिटायर्ड प्रिंसिपल सिद्धेश्वर पांडेय हत्याकांड में इसको उम्र कैद हुई थी.

**कहलाता था शिवली का डॉन**

यही नहीं पंचायत और निकाय चुनावों में इसने कई नेताओं के लिए काम किया और उसके संबंध प्रदेश की सभी प्रमुख पार्टियों से हो गए. 2001 में विकास दुबे ने बीजेपी सरकार में एक दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री संतोष शुक्ला को थाने के अंदर घुसकर गोलियों से भून डाला था. इस हाई–प्रोफाइल मर्डर के बाद शिवली के डॉन ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया और कुछ माह के बाद जमानत पर बाहर आ गया.

**नगर पंचायत चुनाव जीता**

इसके बाद इसने राजनेताओं के सरंक्षण से राजनीति में एंट्री की और नगर पंचायत अध्यक्ष का चुनाव जीत गया था. जानकारी के अनुसार, इस समय विकास दुबे के खिलाफ 52 से ज्यादा मामले यूपी के कई जिलों में चल रहे हैं. पुलिस ने इसकी गिरफ्तारी पर 25 हजार का इनाम रखा हुआ था. हत्या व हत्या के प्रयास के मामले पर पुलिस इसकी तलाश कर रही थी.

**लखनऊ में एसटीफ ने पकड़ा था**

विकास दुबे पुलिस से बचने के लिए लखनऊ स्थित अपने कृष्णा नगर के घर पर छिपा हुआ था. शासन ने कुख्यात हिस्ट्रीशीटर को पकड़ने के लिए लखनऊ एसटीएफ को लगाया था. कुछ समय पहले ही एसटीएफ ने उसे कृष्णा नगर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था. अब एक बार फिर जेल से निकलने के बाद बड़ी घटना को अंजाम दिया है.

# चुनाव आयोग द्वारा अपराधियों को दलों द्वारा टिकट दिये जाने संबंधी स्पष्टीकरण को लेकर राजनीतिक दलों में बढ़ी बेचौनी, चुनाव आयोग से पुनर्विचार के लिए करेंगे अनुरोध



डा. राजेश अस्थाना,
एडिटर इन चीफ,

कार्रवाई





अपराधियों को दलों द्वारा टिकट दिये जाने संबंधी स्पष्टीकरण को लेकर राजनीतिक दलों को पसीने आने लगे हैं। कुल 150 मान्यता प्राप्त दलों को पत्र निर्गत हो गये हैं। लगभग सभी दल अध्यक्षों को पत्र मिल भी गया है। उनमें आपस मंत्रणा शुरू हो गई है कि इस कड़े नियम को उदार कैसे बनाया जाए। इसके लिए वे चुनाव आयोग से गुहार भी लगा सकते हैं।

इस संबंध में सबसे अधिक बेचौनी बड़ी पार्टियों में है। कारण कि सबसे अधिक टिकट पुरानी बड़ी पार्टियों ने ही दिया है। हम्माम में किसी को बख्शा नहीं जा सकता। सबका रूप एक ही तरह है। ऐसी स्थिति में चुनाव आयोग द्वारा प्रस्तावित सर्वदलीय बैठक में अपराधियों को टिकट देने संबंधी मामले को उठाया जा सकता है।

इस संबंध में राजनीतिक दल के एक सिद्वान्तकार ने बताया कि चुनाव आयोग को पुनर्विचार के लिए अनुरोध किया जा सकता है कि क्योंकि कई ऐसे प्रत्याशी भी होते हैं नि पर साजिशन मामले दर्ज कर दिए जाते हैं, अथवा कई के मामले विचाराधीन हैं।

# कार्डियक अरेस्ट के चलते मशहूर कोरियोग्राफर सरोज खान का मुंबई में निधन, बॉलीवुड में शोक की लहर, चारकोप कब्रिस्तान में उन्हें सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा



आशीष राज,
स्थानीय संपादक,

विनम्र श्रद्धांजलि





मशहूर कोरियोग्राफर सरोज खान का शुक्रवार देर रात कार्डियक अरेस्ट के चलते मुंबई में निधन हो गया. सांस लेन में शिकायत के बाद उन्हें 17 जून से मुंबई के बांद्रा में स्थित गुरु नानक हॉस्पिटल में भर्ती थीं, जहां शुक्रवार देर रात 1.52 बजे कार्डियक अरेस्ट की वजह से उनकी मौत हो गई. सरोज खान 71 साल की थी. कुछ दिन पहले ही उनका कोरोना टेस्ट भी कराया गया था, जो नेगेटिव आया था. जानकारी के मुताबिक, मुंबई के चारकोप कब्रिस्तान में उन्हें सुपुर्द–ए–खाक किया जाएगा.

सरोज खान ने बॉलीवुड को एक से बढ़कर एक गाने दिए हैं. उनके सिखाए गए डांस के चलते बॉलीवुड में कई अदाकाराओं के करियर बन गए. उन्होंने साल 1983 में 'हीरो' फिल्म में कोरियोग्राफी की थी, जबकि बतौर कोरियोग्राफर उनकी आखिरी फिल्म 'कलंक' थी.

तीन बार की राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता रहीं सरोज खान ने कुछ यादगार गानों को कोरियोग्राफ किया है, जिसमें माधुरी दीक्षित–स्टारर फिल्म 'तेजाब', 'ये इश्क है' से 2007 में 'जब वी मेट' से लेकर संजय लीला भंसाली की 'देवदास' तक शामिल हैं.

सरोज खान ने मात्र तीन साल की उम्र से बतौर बैकग्राउंड डांसर अपना करियर शुरू किया था. उन्हें 1974 में पहली बार 'गीता मेरा नाम' से बतौर कोरियोग्राफर फिल्म इंडस्ट्री में ब्रेक मिला था.

उन्होंने सुपरडुपरहिट फिल्मों 'मिस्टर इंडिया, चादनी, बेटा, तेजाब, नगीना, डर, बाजीगर, अंजाम, मोहरा, याराना, दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे, परदेश, देवदास, लगान, सोल्जर, ताल, फिजा, साथिया, स्वदेश, कुछ ना कहो, वीर जारा, डॉन, फना, गुरु, नमस्ते लंदन, जव वी मेट, एजेंट विनोद, राउडी राठौड़, एबीसीडी, तनु वेड्स मनु रिटर्न्स, मणिकर्णिका' तक के गानों को कोरियोग्राफ किया है.













युवराज मीडिया एंड एंटरटेण्मेंट की घोषित चम्पारण की पावन धरती पर बन रही भव्य वेब सीरिज एवं फीचर फिल्म की शुटिंग शीघ्र शुरू होगी ।

निर्माता: 9471005272

Yuvaraj Media & Entertainment
बिहार विधानसभा चुनाव में डिजीटल प्रचार के लिए संपर्क करें:
Contact For Advt. (Still & Video), News: +91 9471005272, 8210595830